राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

**राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक**

**महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाएं - राज्यपाल श्री बागडे**

जयपुर / कोटा, 24 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आगे बढ़ने की भावना से कार्य करें और स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। राजीविका के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं खेती, पशुपालन एवं सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों में जुटी हुई हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को गोबर से खाद बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए ताकि खेतों में अधिक से अधिक देशी खाद का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजीविका के तहत महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करें और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऋण योजनाओं का बेहतर उपयोग किया जाए।

राज्यपाल श्री बागडे सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। राज्यपाल ने योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री बागडे ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, अमृत सरोवर निर्माण, पशु आश्रय स्थल निर्माण आदि के बारे में जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने गांवों को पक्के रास्तों से जोड़ने के निर्देश दिए।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों एवं आमजन को प्रेरित करने तथा पीएम कुसुम योजना में अधिकतम सौर उर्जा संयत्र स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को इसका अधिकाधिक लाभ मिले। उन्होंने किसानों को उनकी फसल को खरीद केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करने, जल जीवन मिशन में सभी गांवों में पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए लंबित जल कनेक्शन तय अवधि में पूरे करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वामित्व योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

------


राजस्थान सरकार
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक
दिनांक :- 24.03.2025
समय :- सायं 04.00 बजे


राजस्थान सरकार
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक
दिनांक :- 24.03.2025
समय :- सायं 04.00 बजे












राजस्थान सरकार
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक
दिनांक :- 24.03.2025
समय :- सायं 04.00 बजे




राजस्थान सरकार
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक
दिनांक :- 24.03.2025
समय :- सायं 04.00 बजे